झोपड़पट्टी के बच्चों ने उठाया शहर का लुत्फ

कोलकाता, 21 सितंबर (जनसत्ता)। महानगर कोलकाता के बेहतरीन पर्यटनस्थलों जैसे विक्टोरिया मेमोरियल व अन्य जगहों का लुत्फ शनिवार को हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड (एचएम) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब बच्चों ने उठाया। आठ से बारह साल की उम्र के करीब 22 बच्चों को लेकर कोलकाता की मिशनरी ऑफ चैरिटी की मदद से एचएम ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। ये बच्चे हिंदुस्तान मोटर्स के नए वाहन एंबेसेडर एनकोर समेत सात एचएम एंबेसेडर कार पर सवार थे। सवार होने के बाद इन बच्चों को मिशनरी ऑफ चैरिटी के शिशु भवन नेहरू चिल्ड्रेंस म्यूजियम, आकाशवाणी भवन, ईडेन गार्डेन, राजभवन, प्रिंसेप घाट व विक्योरिया मेमोरियल घुमाया गया। आखिर में हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड के एमडी व सीईओ उत्तम बोस ने बताया कि इन बच्चों द्वारा सिटी ऑफ ज्वॉय का आनंद उठाना सचमुच अच्छा लगा।